दिनांकः 13.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव का प्रचार चरम पर–आज भी कई बड़े नेताओं के चुनावी दौरे।
- निर्वाचन विभाग की ओर से चलायी जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत आज दिव्यांगजन दे रहे मतदान का संदेश।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता आज आकाशवाणी के जरिये श्रोताओं से होंगे रूबरू।
- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई जगह आंधी और बारिश की संभावना।

.................

प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के पहले चरण के मतदान में छह दिन शेष रहते प्रचार चरम पर पहुंच गया है। विभिन्न राजनैतिक दलों ने मतदाताओं को लुभाने में पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा और कांग्रेस सहित सभी प्रमुख दलों के आज भी विभिन्न स्थानों पर चुनावी सभा और रैलियों के कार्यक्रम हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह आज अलवर के हरसौली में पार्टी प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और किसान नेता जयंत चौधरी भी आज बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में भाजपा उम्मीदवार और कैबिनेट मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल बाड़मेर में पार्टी प्रत्याशी कैलाश चौधरी के पक्ष में रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

.................

प्रधानमंत्री ने दौसा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज हनुमानगढ़ के भादरा और नोहर में जनसभा करेंगे। वे चूरू लोकसभा क्षेत्र पार्टी उम्मीदवार देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में वोट मांगेंगे। इससे पहले, कल रात उन्होंने हनुमानगढ टाउन में रोड़ शो और जनसभा की। उनका आज सीकर के फतेहपुर में रोड़ शो का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जी जान से जुटे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज धौलपुर के बसईनवाब में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभा करेंगे। इससे पहले श्री गहलोत ने कल जयपुर में प्रदेश कांग्रेस के प्रचार समिति की बैठक ली और आगामी रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से हुई इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने प्रचार की धार को और तेज़ करने के लिए सदस्यों से सुझाव मांगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये गये।

.................

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से चलायी जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत कल ढोल नगाड़ों के साथ वोट बारात निकाली गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारात में घोड़ी पर बैठकर दूल्हे के साथ बड़ी संख्या प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

.................

निर्वाचन विभाग की ओर से चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के चौथे दिन आज दिव्यांगजन की ओर से मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज कई जगह जागरुकता रैली निकाली जा रही है।

सरहीद जिले जैसलमेर में स्वीप गतिविधियों के तहत आज से कम मतदान प्रतिशत वाले 15 बूथों पर चुनावी चौपाल लगायी जाएगी।

इसमें मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क कर अब तक मतदान प्रक्रिया से दूर रहने वाले वोटर्स को प्रेरित किया जाएगा। पाली में नवरात्र उत्सव को भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम से जोड़कर नवाचार किया जा रहा है। वहां मतदान को लेकर रंगोली बनायी गयी और दीपमाला सजायी गयी। कोटा में कल ''एक शाम लोकतंत्र के नाम'' उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। चम्बल रिवर फ्रंट पर आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया।

.................

आकाशवाणी जयपुर की ओर से आज राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के साथ विशेष बातचीत का सजीव प्रसारण किया जाएगा। एक घंटे का ये विशेष फोन इन कार्यक्रम सुबह 10 से 11 बजे तक 101.02 एफएम आमेर चैनल और 100.3 एफएम रेडियो पिंकसिटी और पूरे स्टेट हुक अप पर प्रसारित होगा। श्रोता जयपुर के कोड नम्बर 0141 के साथ फोन नम्बर 2200 600, 2200 700, 2200 800 और 2366477 पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मतदान से जुड़े सवाल पूछ सकते हैं।

.................

प्रेदश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग ने सभी इंतजाम सुनिश्चित किये हैं। इसी कड़ी में जिलों में निर्वाचन अधिकारियों ने मतदान बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। नीम का थाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने कल अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अजीतगढ के किशोरपुरा, जुगलपुरा, अजमेरी और श्रीमाधोपुर के जालपानी बूथ का निरीक्षण किया।

बूंदी में मतदान से पहले अवैध सामग्री और शराब भंडारण के खिलाफ चलाये गये विशेष अभियान के तहत बड़ी मात्रा में जब्ती की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने 85 हजार रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब पकड़ी।

.................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये रींगस से हमारी श्रोता का संदेश –

.................

केन्द्र सरकार की ओर से इस साल प्रचंड गर्मी और लू का प्रभाव अत्यधिक रहने का अलर्ट जारी होने के बाद चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में सतर्कता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इस संबंध में कल एक उच्च स्तरीय बैठक लेकर अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि केन्द्र के अलर्ट के अनुसार राजस्थान को गर्मी और लू से सर्वाधिक प्रभावित प्रदेशों के श्रेणी में माना गया है। उन्होंने इसे ध्यान में रखते हुए आगामी दिनों में आमजन को लू और गर्मी संबंधी बीमारियों से बचाने तथा उपचार के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करने को कहा। उन्होंने इस संबंध में जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान बनाने और रेपिड रेस्पॉन्स टीमों का गठन करने के निर्देश दिये। साथ ही अस्पतालों में तेज गर्मी और लू के कारण होने वाली बीमारियों की जांच, दवा और उपचार का एक प्रभावी प्रोटोकॉल तैयार करने को भी कहा। श्रीमती सिंह ने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये।

.................

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई जगह आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार अंधड़ के साथ कुछ जगह ओले भी गिरे हैं। चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, सीकर, बारां और राजधानी जयपुर में हल्की बारिश हुई। केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा और बूंदी के लिए यैलो अलर्ट जारी किया गया है। तेज आंधी और बारिश की आशंका को देखते हुए हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिला प्रशासन ने किसानों को अनाज खुले में नहीं रखने का परामर्श जारी किया है। अंधड़ और बारिश की चेतावनी को देखते हुए जयपुर में विद्युत प्रसारण निगम में कंट्रोल रूम बनाया है।

..................